विदेश मंत्री
भारत

सत्यमेव जयते

Minister of External Affairs
India



**MESSAGE**

It gives me great pleasure to join all our Passport Issuing Authorities in India and abroad on the occasion of the 12th Passport Seva Divas. The Ministry of External Affairs, along with the Central Passport Organization, has been marking this occasion and renewing our commitment to provide passport and related services to citizens of India in a timely, reliable, accessible, transparent and efficient manner. I am happy to note that in 2023, the Ministry rendered 1.65 Crore passport related services to our citizens. The year 2023 noticed a commendable annual growth of nearly 15% in passport and other related services. The monthly submission of applications crossed 14 Lakh mark in 2023.

As we commemorate the Passport Seva Divas today, we continue our commitment to deliver next level of citizen experience by leveraging the power of latest technologies combined with dynamic and motivated workforce.

To reach out to our citizens at their doorsteps, the Ministry has so far operationalized 440 Post Office Passport Seva Kendra (POPSKs). Together with the existing 93 Passport Seva Kendras, we now have a total of 533 Passport Processing Kendras and 37 Regional Passport Offices (RPOs) in the country. For providing a similar service delivery experience to ourcitizens abroad, the Ministry has successfully

integrated the passport issuance systems in 187 of our Missions/Posts abroad.

To further improve the passport delivery ecosystem, the Ministry is continuously working with States/UTs police to reduce the time taken for police verification. The mPassport Police App has been initiated at 25 States/ UTs covering 9000 Police Stations. The Paspsort Seva System has also been integrated successfully with DigiLocker system to facilitate paperless documentation process.

Our Government is committed in ensuring that Passports serve as crucial travel documents that significantly impact a country's development by way of facilitating international trade and investment, boosting tourism, enhancing global mobility, education and skills development, diplomatic relations, security and regulation, legal identity and for crisis management such as evacuation and assistance.

There is today widespread recognition in the country and abroad that the passport delivery program is one of the services of the Government which has improved significantly, and is very much appreciated by the average citizen as a model of efficient service delivery. I congratulate today both Team MEA and Team CPO in this regard. I am sure they will continue to meet the expectations of the citizens. I wish success to all stakeholders in this Project. Happy Passport Seva Divas!

**(Dr. S. Jaishankar)**

विदेश मंत्री
भारत

Minister of External Affairs
India

सत्यमेव जयते



**<u>संदेश</u>**

मुझे, 12 वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेशों में हमारे सभी पासपोर्ट जारी करने वाले प्राधिकरणों के साथ जुड़कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। विदेश मंत्रालय, केंद्रीय पासपोर्ट संगठन के साथ मिलकर यह समारोह मना रहा है और भारत के नागरिकों को समयबद्ध, विश्वसनीय, सुलभ, पारदर्शी और कुशल तरीके से पासपोर्ट और उससे संबंधित सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहरा रहा है। मुझे यह जानकर खुशी है कि 2023 में मंत्रालय ने हमारे नागरिकों को पासपोर्ट से जुड़ी 1.65 करोड़ सेवाएं प्रदान की। वर्ष 2023 में पासपोर्ट और अन्य संबंधित सेवाओं में लगभग 15% की सराहनीय वार्षिक वृद्धि हुई। 2023 में मासिक आवेदनों की संख्या 14 लाख के आंकड़े को पार कर गई।

आज हम पासपोर्ट सेवा दिवस समारोह के अवसर पर, हम अपने सक्रिय व ओजस्वी कार्यवल और नवीनतम तकनीकी क्षमता के साथ नागरिकों को उच्च स्तर की सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

एक बार संबंधित प्राधिकरणों द्वारा अपेक्षित परीक्षण और प्रमाणन पूरा हो जाने

के पश्चात पासपोर्ट सेवा परियोजना के संस्करण 2.0 को धीरे-धीरे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाएगा।

नागरिकों के घर तक सेवाएँ पहुँचाने के लिए, मंत्रालय ने अब तक 440 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) शुरू किए हैं। वर्तमान में 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों के साथ, अब देश में कुल 533 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) कार्यरत हैं। विदेशों में हमारे नागरिकों को इसी प्रकार की सेवा प्रदान करने के लिए, मंत्रालय ने विदेशों में स्थित हमारे 187 मिशन/केंद्रों में पासपोर्ट जारी करने की प्रणालियों को सफलतापूर्वक एकीकृत किया है।

मंत्रालय, पासपोर्ट वितरण तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने के लिए राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों की पुलिस के साथ लगातार संयुक्त रूप से कार्य कर रहा है। 25 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में 9000 पुलिस स्टेशनों को शामिल करते हुए एमपासपोर्ट (mPassport) पुलिस ऐप शुरू किया गया है। पासपोर्ट सेवा प्रणाली को डिजिलॉकर (DigiLocker) प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है ताकि कागजात रहित दस्तावेज़ीकरण प्रक्रिया को सुलभ बनाया जा सके।

हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पासपोर्ट महत्वपूर्ण यात्रा दस्तावेज़ के रूप में कार्य करे। क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश को सुविधाजनक बनाकर, पर्यटन संवर्धन, वैश्विक आवाजाही, शिक्षा एवं कौशल विकास, राजनयिक संबंधों को बढ़ावा देकर, सुरक्षा एवं विनियमन स्थापित करके, वैध पहचान द्वारा और सुरक्षित निकासी तथा सहायता प्रदान करके देश के विकास को विशेष रूप से प्रभावित करता है।

आज देश और विदेश में यह व्यापक मान्यता है कि पासपोर्ट वितरण कार्यक्रम सरकार की ऐसी सेवाओं में से एक है, जिसमें व्यापक स्तर पर सुधार हुआ है और आम नागरिक द्वारा कुशल सेवा वितरण मॉडल के रूप में इसकी बहुत सराहना की जाती है। मैं आज इसके लिए टीम एमईए और टीम सीपीओ दोनों को बधाई देता हूँ। मुझे विश्वास है कि ये नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करते रहेंगे। मैं इस परियोजना के सभी सहभागियों के लिए सफलता की कामना करता हूँ। पासपोर्ट सेवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!

(डॉ. सु. जयशंकर)